**NATIONAL PUBLIC SERVICE TRUST**
(Public Welfare • Justice • Development)
(A Social Institution Established under Central Act No. 2 of 1882)
Establishment No. – 212/IV/2026
Office : 670, Model Colony, Ranipur Mod, Haridwar (Uttarakhand) 249407
Email : npst.india@gmail.com

पत्रांक सं० – NPST/120/2026 दिनांक – 21.09.2026

सेवा में,

1. **श्रीमान जिलाधिकारी,**

   जनपद–हरिद्वार, कलेक्ट्रेट, हरिद्वार

   ईमेल – dm-har-ua@nic.in

2. **श्रीमान मुख्य विकास अधिकारी,**

   जनपद–हरिद्वार, हरिद्वार

   ईमेल – cdo-har-ua@nic.in

3. **श्रीमान जिला पंचायती राज अधिकारी,**

   जनपद–हरिद्वार, हरिद्वार

   ईमेल – dproharidwar1@gmail.com

**विषय – ग्राम अतमलपुर बोंगला में प्रदीप के घर से जाहरवीर गोगा माहडी तक इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य दर्शाने वाला शासकीय बोर्ड लगाए जाने के बावजूद मौके पर कार्य न पाए जाने के संबंध में तत्काल स्थलीय जांच, आवश्यक कार्यवाही एवं समयबद्ध निर्माण कराए जाने हेतु।**

महोदय,

नेशनल पब्लिक सर्विस ट्रस्ट एक लोकहितकारी संस्था है, जो संवैधानिक मूल्यों, विधि के शासन, प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही, सुशासन, सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आधारभूत संरचना, नागरिक सुविधाओं, सार्वजनिक संसाधनों के समुचित उपयोग तथा नागरिकों के अधिकारों से जुड़े व्यापक जनहित के विषयों पर कार्यरत है। इसी उद्देश्य से निम्नलिखित जनहित का विषय आपके संज्ञान में आवश्यक एवं समयबद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

संस्था के संज्ञान में ग्राम अतमलपुर बोंगला, जनपद–हरिद्वार से अत्यंत गंभीर जनहित का विषय आया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अधोहस्ताक्षरी को सम्पर्क कर ग्राम अतमलपुर बोंगला में प्रदीप के घर के पास लगाए गए शासकीय बोर्ड का फोटो उपलब्ध कराया गया,

जिसमें जिला योजना वर्ष 2025—2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत अतमलपुर बोंगला में प्रदीप के घर से जाहरवीर गोगा माहडी तक इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य अंकित है तथा जिला पंचायत हरिद्वार से संबंधित पदाधिकारियों/अधिकारियों के नाम भी प्रदर्शित हैं। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना एवं बोर्ड के फोटो की वास्तविकता जानने हेतु दिनांक 10/09/2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा संस्था के सदस्यो के साथ स्वयं संबंधित स्थान का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा पूरे संबंधित मार्ग की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। उक्त वीडियो रिकॉर्डिंग से प्राप्त कुछ फोटो इस पत्र के साथ संलग्न किए जा रहे हैं, जो मौके की वर्तमान भौतिक स्थिति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हैं।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रथमदृष्टया अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक स्थिति सामने आई। जिस मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य शासकीय बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया था, उस मार्ग पर निरीक्षण के समय ऐसा इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य दिखाई नहीं दिया। इसके विपरीत मार्ग कच्चा, असमतल एवं अत्यधिक कीचड़युक्त पाया गया तथा विभिन्न स्थानों पर अत्यधिक कूड़ा—कचरा भी फैला हुआ है। इस प्रकार ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए शासकीय बोर्ड के फोटो तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा मौके पर रिकॉर्ड की गई वीडियो में दिखाई दे रही वास्तविक स्थिति के मध्य प्रथमदृष्टया गंभीर विरोधाभास परिलक्षित होता है।

यह स्थिति गंभीर प्रश्न उत्पन्न करती है कि जब मौके पर संबंधित इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य दिखाई नहीं देता है, तब उक्त कार्य को प्रदर्शित करने वाला शासकीय बोर्ड किस आधार, अभिलेख, कार्य निष्पादन अथवा विभागीय सत्यापन के आधार पर स्थापित किया गया था? यह जांच किया जाना आवश्यक है कि क्या संबंधित कार्य को जिला पंचायत के अभिलेखों में पूर्ण अथवा निष्पादित दर्शाया गया है; क्या कार्य की माप पुस्तिका में प्रविष्टि की गई है; क्या कोई कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र जारी किया गया है; तथा क्या संबंधित ठेकेदार/कार्यदायी संस्था को पूर्ण अथवा आंशिक धनराशि का भुगतान किया गया है।

यदि किसी सार्वजनिक निर्माण कार्य को वास्तविक रूप से निष्पादित किए बिना शासकीय बोर्ड अथवा विभागीय अभिलेखों में निष्पादित/पूर्ण दर्शाया गया हो अथवा उसके आधार पर सार्वजनिक धन का भुगतान किया गया हो, तो यह सार्वजनिक धन के उपयोग, शासकीय अभिलेखों की सत्यता, वित्तीय अनुशासन एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों/कार्यदायी संस्था की जवाबदेही से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है, जिसकी निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच आवश्यक है। इसके अतिरिक्त यह विषय केवल संभावित प्रशासनिक अथवा वित्तीय अनियमितता तक सीमित नहीं है। उक्त मार्ग का उपयोग प्रतिदिन ग्रामवासियों, स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों, पैदल यात्रियों, दोपहिया वाहन चालकों तथा गांव में आने—जाने वाले अन्य व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। मार्ग की कच्ची, कीचड़युक्त एवं असमतल स्थिति जनसामान्य के सुरक्षित आवागमन को प्रभावित करती है तथा दुर्घटना की आशंका उत्पन्न करती है। जगह—जगह फैला कूड़ा एवं गंदगी स्वच्छता तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। ऐसी स्थिति में संबंधित नागरिकों

की सुरक्षा, गरिमा, स्वास्थ्य एवं जीवन से जुड़े हितों की रक्षा हेतु प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभावी कदम उठाया जाना आवश्यक है।

अतः संस्था का आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण की तत्काल निष्पक्ष स्थलीय जांच कराते हुए संबंधित कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, निविदा/कार्यादेश, स्वीकृत धनराशि, माप पुस्तिका, बिल–वाउचर, भुगतान विवरण, स्थल निरीक्षण अभिलेख, जियो–टैगयुक्त फोटो तथा कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र सहित समस्त संबंधित अभिलेखों का मौके की वास्तविक स्थिति से सत्यापन कराया जाए। यह भी जांच की जाए कि उक्त बोर्ड किस अधिकारी/कर्मचारी के निर्देश अथवा सत्यापन के आधार पर लगाया गया एवं यदि जांच में बिना वास्तविक कार्य निष्पादन के कार्य को पूर्ण दर्शाने, गलत सत्यापन, अनुचित भुगतान अथवा सार्वजनिक धन से संबंधित कोई अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी/ठेकेदार की जवाबदेही निर्धारित करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई एवं सार्वजनिक धन की वसूली सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यदि जांच में यह पाया जाता है कि स्वीकृत इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य वास्तव में पूर्ण नहीं किया गया है अथवा अधूरा है, तो ग्रामवासियों एवं उक्त मार्ग का उपयोग करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा, गरिमा, स्वास्थ्य एवं जीवन के हित में संबंधित मार्ग पर स्वीकृत इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य को एक निश्चित एवं समयबद्ध अवधि के भीतर वास्तविक रूप से पूर्ण कराया जाए तथा मार्ग से कीचड़, कूड़ा–कचरा एवं आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों को तत्काल दूर कर उसे सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम आवागमन योग्य बनाया जाए।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कृपया स्थलीय जांच प्रारंभ कर उसकी स्थिति एवं की गई कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को भी लिखित रूप से अवगत कराया जाए तथा निर्माण कार्य अपूर्ण पाए जाने की दशा में उसके पूर्ण किए जाने की निश्चित समय–सीमा भी सूचित की जाए।

NATIONAL PUBLIC SERVICE TRUST

भवदीय,

कृष्णकान्त

(अध्यक्ष)

**<u>संलग्नक :–</u> उपरोक्तानुसार।**

1– स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया गया शासकीय बोर्ड का फोटो

2– अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थल पर रिकॉर्ड की गई वीडियो से प्राप्त मार्ग की वर्तमान स्थिति के फोटो


चौ. राजेन्द्र सिंह उर्फ
किरण चौधरी
मा. अध्यक्ष जिला पंचायत हरिद्वार
जिला योजना वर्ष-2025-2026 के अन्तर्गत
कार्य-ग्रा. पंचायत अतमलपुर बौंगला में प्रदीप के घर से जहावीर
गोगा महाड़ी तक इण्टरलोकिंग टाईल्स सड़क द्वारा निर्माण कार्य।
संजय खण्डूड़ी अ.मु.अधि, जिला पं.हरि.
ई. ईश्वर चन्द अभियन्ता, जिला पं.हरि.
कार्यदायी संस्था-जिला पंचायत हरिद्वार।


Haridwar, Uttarakhand, India
W28v+94m, Haridwar, Uttarakhand 249402, India
Lat 29.915718° Long 78.042774°
Thursday, 10/09/2026 04:45 PM GMT +05:30
Google


Google
Haridwar, Uttarakhand, India
W28v+94m, Haridwar, Uttarakhand 249402, India
Lat 29.915687° Long 78.04285°
Thursday, 10/09/2026 05:11 PM GMT +05:30


Google
Haridwar, Uttarakhand, India
W28v+94m, Haridwar, Uttarakhand 249402, India
Lat 29.915692° Long 78.042866°
Thursday, 10/09/2026 05:11 PM GMT +05:30